कार्यालय प्राचार्य
विष्णुचरण गुप्ता शासकीय महाविद्यालय पुसौर , जिला–रायगढ़ (छ.ग.)
Email ID : newgovtcollegepusaur@gmail.com

No. Q/स्था./2021 पुसौर , दिनांक : 02.06.2021

सूचना

वि.च.गु.शासकीय महाविद्यालय पुसौर के स्नातक अंतिम वर्ष के नियमित परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा संचालित वार्षिक मुख्य परीक्षा 2021 की समाप्ति के पश्चात विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार लिखित उत्तरपुस्तिकाओं को परीक्षार्थियों द्वारा महाविद्यालय में जमा करना है।

कोविड – 19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षार्थी लिखित उत्तरपुस्तिकाओं को निम्नानुसार जमा करेंगे :

लिखित उत्तरपुस्तिका जमा करने का प्रथम चरण

स.क्र.	कक्षा	परीक्षार्थियों की संख्या	दिनांक	समय
1	बी.ए. अंतिम	समस्त परीक्षार्थी	08.06.2021 , मंगलवार	11.30 AM से 03.00 PM
2	बी.एस-सी.अंतिम	समस्त परीक्षार्थी	09.06.2021 , बुधवार	11.30 AM से 03.00 PM
3	बी.कॉम. अंतिम	समस्त परीक्षार्थी	10.06.2021 , गुरुवार	11.30 AM से 03.00 PM

किसी आवश्यक कारण से अगर परीक्षार्थी उपरोक्त तिथियों में उत्तरपुस्तिकाओं को जमा नहीं कर पाते हैं तो वो निम्नानुसार द्वितीय चरण में जमा कर सकते है :

लिखित उत्तरपुस्तिका जमा करने का द्वितीय चरण

स.क्र.	कक्षा	परीक्षार्थियों की संख्या	दिनांक	समय
1	बी.ए. अंतिम	बचे हुए परीक्षार्थी	11.06.2021 , शुक्रवार	11.30 AM से 03.00 PM
2	बी.एस-सी.अंतिम	बचे हुए परीक्षार्थी	12.06.2021 , शनिवार	11.30 AM से 03.00 PM
3	बी.कॉम. अंतिम	बचे हुए परीक्षार्थी	14.06.2021 , सोमवार	11.30 AM से 03.00 PM

उपरोक्त दोनों चरणों के पश्चात समस्त बचे हुए परीक्षार्थियों के लिए उत्तरपुस्तिकाओं को महाविद्यालय में जमा करने की **अंतिम तिथि : 15.06.2021**

अंतिम तिथि के पश्चात परीक्षार्थी से लिखित उत्तरपुस्तिका को महाविद्यालय में जमा नहीं लिया जाएगा।

विशेष परिस्थिति के कारण यदि कोई परीक्षार्थी महाविद्यालय आ सकने में असमर्थ हो तो वे दिनांक 15.06.2021 तक उत्तरपुस्तिकाओं को एक ही लिफाफे में सीलबंद करके एवं लिफाफे के ऊपर परीक्षार्थी द्वारा " विश्वविद्यालयीन परीक्षा 2021 की सभी प्रश्न पत्रों की लिखित उत्तर पुस्तिका "लिख कर स्पीड पोस्ट के माध्यम से महाविद्यालय के निम्न पते पर प्रेषित करेंगे :

प्राचार्य ,
वि.च.गु.शासकीय महाविद्यालय पुसौर
जिला – रायगढ़ (छ.ग.)
पिन : 496440

दिनांक 15.06.2021 के पश्चात स्पीड पोस्ट किये गए उत्तर पुस्तिकाओं को महाविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

परीक्षार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण टीप :

1. उत्तरपुस्तिकाओं को लिखने एवं जमा करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए निर्देशों को परीक्षार्थी भली-भांति पढ़ लें एवं उसका कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।
2. उत्तरपुस्तिका के मुख पृष्ठ पर मांगी गई सभी जानकारियों को भरना है।
3. उत्तरपुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर परीक्षार्थी द्वारा लघु हस्ताक्षर एवं अंतिम पृष्ठ पर पूर्ण हस्ताक्षर किये जायेंगे।
4. अभिप्रमाणिक पत्रक को भी जमा करना है और निर्देशानुसार उसमें हस्ताक्षर करने हैं।
5. इसके अतिरिक्त केन्द्राध्यक्ष द्वारा यदि अन्य निर्देश दिए जाते हैं तो उनका पालन अनिवार्यतः करना सुनिश्चित करें।
6. **कोविड – 19 के एस.ओ.पी. का पालन अनिवार्य रूप से करना है।**

वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष एवं प्र.प्राचार्य
वि.च.गु.शास.महाविद्यालय पुसौर , जिला – रायगढ़ (छ.ग.)